आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

10.05.2024 समय : 1850

- दूरसंचार विभाग–डीओटी ने साइबर अपराधों में दुरुपयोग किए गए अट्ठाईस हजार दो सौ मोबाइल हैंडसेट को समूचे भारत में ब्लॉक करने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश जारी किए है।
- सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय की ओर से अनुसूचित जाति और ओ बी सी के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है।
- भारत सरकार की ओर से आपातकालीन सहायता नम्बरों को एक साथ जोड़ने के लिए एकल हेल्प लाईन नम्बर एक एक दो शुरू किया गया है।
- पोर्ट ब्लेयर में अग्नि और आपातकालीन सेवा मुख्यालय की ओर से आपदा की तैयारियों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><>

दूरसंचार विभाग–डीओटी ने साइबर अपराधों में दुरुपयोग किए गए अट्ठाईस हजार दो सौ मोबाइल हैंडसेट को समूचे भारत में ब्लॉक करने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने मोबाइल हैंडसेट से जुड़े बीस लाख मोबाइल कनेक्शन को तुरंत पुनः सत्यापित करने के भी निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने की स्थिति में इन कनेक्शन को डिसकनेक्ट करने का निर्देश दिया गया है।

<><><><><><>

सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय की ओर से अनुसूचित जाति और ओ बी सी के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य इस वर्ग के उम्मीदवारों को बेहतर कोचिंग प्रदान करना है, ताकि वे प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में शामिल हो सके और सरकारी, निजी क्षेत्रों में रोजगार पा सके या तकनीकी या पेशेवर उच्च शिक्षण संस्थानों में उनका दाखिला हो सके। एस टी और ओ बी सी वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जिनकी पारिवारिक आमदनी सालाना किसी भी स्रोत से आठ लाख रूपये या उससे कम है, वे निशुल्क कोचिंग प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों के पास वैध आधार नम्बर और बैंक खाता होना जरूरी है। आवेदन करते समय यदि किसी विद्यार्थी के पास आधार नम्बर नहीं है, तो वे पी आई डी नम्बर जमा कर सकते हैं। हालांकि इस मामले में भुगतान तभी जारी किया जाएगा, जब आवेदक के पास आधार नम्बर होगा और उन्हें यह भुगतान आधार सिडेड बैंक खाते में ही हो पाएगा। इस बारे में और जानकारी के लिए उम्मीदवारों को दिए गए पोर्टल पर सीधे आवेदन करना होगा। इस महीने की इक्कतीस तारीख आवेदन करने की अंतिम तिथि हैं।

<><><><><><>

भारत सरकार की ओर से आपातकालीन सहायता नम्बरों को एक साथ जोड़ने के लिए एकल हेल्प लाईन नम्बर एक एक दो शुरू किया गया है। इस नम्बर के माध्यम से आपदा के समय सेवाएं प्राप्त की जा सकती है। मुसीबत में फंसा कोई भी नागरिक अपने फोन से एक एक दो नम्बर डायल कर सहायता प्राप्त कर सकता है। यदि किसी व्यक्ति के पास स्मार्ट फोन नहीं है, तो वे अपने किसी भी फोन से पांच और नौ नम्बर को लम्बे समय तक दबाए रखे, जिससे एक एक दो नियंत्रण कक्ष में उनकी आपात स्थिति की सूचना प्राप्त हो जाएगी। इसके अतिरिक्त एस ओ एस अलर्ट को मेल के जरिए भी भेजा जा सकता है। इस प्रणाली के लिए एक समर्पित डायल एक एक दो नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां प्रशिक्षित कॉल लेने वाले कर्मियों के साथ पुलिस, दमकल, स्वास्थ्य और अन्य एजेंसियों

को प्राप्त सूचना को आगे भेजने वाले कर्मी भी उपलब्ध है। प्रभावितों को सहायता पहुंचाने के लिए नियंत्रण कक्ष को आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहनों और विभिन्न विभागों के नियंत्रण कक्षों के साथ जोड़ा गया है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले में अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा की निगरानी में राजस्व अधिकारियों की टीम अतिक्रमण किए गए स्थलों की पहचान कर उन्हें मुक्त करा रही है, ताकि ज़िले में सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण न हो सके। अभियान के दौरान पूरी पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में अग्नि और आपातकालीन सेवा मुख्यालय की ओर से आपदा की तैयारियों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अग्नि और आपात सेवा के पुलिस अधीक्षक मंजीत शेरॉन मुख्य अतिथि थे। उन्होंने समुदायों में अग्नि से सुरक्षा पर जागरूकता उत्पन्न करने के महत्व पर जानकारी दी। प्रतिभागियों से उनके क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा उपायों को अमल में लाने को कहा गया। प्रशिक्षण के दौरान अंडमान निकोबार अग्नि व आपातकालीन सेवा की विभिन्न गतिविधियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। उन्हें दमकल विभाग के नियंत्रण कक्ष, अग्नि दुर्घटना से बचाव के लिए अपनाई जा रही तकनीक और विभिन्न आपदा प्रबंधन उपायों की भी जानकारी दी गई। प्रतिभागियों में प्रमाणपत्र का भी वितरण किया गया।

इस बीच, अडमान निकोबार पुलिस की ओर से पुलिस लाईन में तनाव प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस कर्मियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान योग्य विशेषज्ञों, संगीतकारों, गायक कलाकार ने तनाव से मुक्ति पाने के विभिन्न आयामों की जानकारी दी। योग सत्र का आयोजन किया गया और प्रतिभागियों से तनाव मुक्त रहने के लिए योग करने और एकाग्रता के लिए ध्यान करने का अनुरोध किया गया।

<><><><><><><>

जोड़ा किलान क्षेत्र में आभूषण चोरी के मामले में पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। शिकायत के आधार पर पहाड़ागांव थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छानबीन आरंभ की और कदमतला निवासी केशव मिस्त्री, जो जोड़ा किलान में रह रहा था, उसे गिरफ्तार किया और उसके पास से चुराए गए आभूषण बरामद कर लिए गए। जांच–पड़ताल में यह पाया गया कि आरोपी पर कदमतला थाने और रंगत थाने में आई पी सी की कई धाराओं पर पहले भी मामला दर्ज हो चुका है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन और गैर–सरकारी संगठन पंख की ओर से शतरंज और एकाग्रता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए चेस टूर्नामेंट का भी आयोजन हुआ। उद्घाटन अवसर पर समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कौशल एकाग्रता में सुधार की तकनीक की जानकारी दी। पंख की अध्यक्षा कोमल आनन्द ने एकाग्रता के महत्व पर जानकारी देते हुए इसके लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए एकाग्रता बहुत जरूरी है, क्योंकि ध्यान भटकने से इसका पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ता है। शतरंज जैसे खेल से एकाग्रता में काफी सुधार आता है। जी डी एम एस स्कूल की आर. कस्तुरी बाई को टूर्नामेंट का विजेता, विवेकानन्द ज़िला परिषद विद्यालय बसंतीपुर के डी. श्रेष्ठ विजय को उप–विजेता और कार्मल स्कूल के युवान सिंह को तीसरा स्थान मिला। समापन अवसर पर कारोबारी मोहम्मद जाडवेट विशिष्ट अतिथि थे, जबकि चिन्मय मिशन के

रेसीडेंट आचार्य स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती सम्माननीय अतिथि थे। उन्होंने खिलाड़ियों में पुरस्कारों का वितरण किया।

**<><><><><><><>**

पोर्ट ब्लेयर और आस–पास के कुछ क्षेत्रों में आज मध्यम वर्षा हुई और डिगलीपुर क्षेत्र में अच्छी वर्षा होने के समाचार मिले हैं। हमारे संवाददाता डी. जे. वेंकटेश ने बताया कि इस क्षेत्र में अच्छी बारिश के कारण क्षेत्र के कुंए और कलपोंग नदी में कुछ हद पानी का जमावड़ा हो गया है, जिससे किसानों को काफी राहत मिली। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक पोर्ट ब्लेयर में सोलह दशमलव छः मिलीमीटर और ननकौड़ी में एक मिलीमीटर वर्षा हुई। कल और बारह तारीख को द्वीपों के कुछ भागों में बिजली चमकने और बादल गरजने के साथ तेज हवा चलने की संभावना है। कल का अधिकतम तापमान तैंतीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान अट्ठाईस डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

**<><><><><><><>**